भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3025

जिसका उत्तर 22.03.2021 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-62 टोल मार्ग के निर्माण का समापन (पूर्णता) प्रमाण-पत्र

3025. श्री नीरज डांगी:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पाली से पिंडवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-62 टोल मार्ग के निर्माण में 'पंच लिस्ट (पंच सूची)' में उल्लिखित कार्य पूर्ण नहीं करने के कारण अब तक अंतिम समापन (पूर्णता) प्रमाण-पत्र जारी नहीं किया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो कार्य पूर्ण होने पर भी वर्ष 2016 से वर्ष 2020 तक शास्ति वसूल नहीं करने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीआरआरआई) की जांच रिपोर्ट में 219 किलोमीटर से 220 किलोमीटर तक की सड़क का सब बेस (उपाधार) बदलकर उसके पुनर्निर्माण की अनुशंसा की गई है; और

(घ) यदि हाँ, तो भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा पुनर्निर्माण कार्य के सत्यापन किए जाने का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): टोल संग्रहण सहित वाणिज्यिक परिचालन के लिए दिनांक 11.06.2015 को अनंतिम वाणिज्यिक परिचालन तिथि (पीसीओडी) जारी कर दी गई है। पंच सूची के मदों को पूरा नहीं करने के कारण अंतिम समापन (पूर्णता) प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है।

(ख): दोनों पक्षों अर्थात् रियायतग्राही और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा एक दूसरे पर किए गए दावों के मामलों को सुलझाने के लिए एनएचएआई द्वारा सुलह तंत्र शुरू किया गया है।

(ग): सीआरआरआई अधिकारियों के एक दल ने 17.11.2016 से 30.11.2016 तक की अवधि के दौरान परियोजना राजमार्ग का दौरा किया और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत की। उनके द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के अनुसार किमी 0 + 000 (ब्यावर) से शुरू होकर किमी 113 + 000 (पाली) तक के खंड -1 के लिए 40 मिमी बिटुमिनस कंक्रीट (बीसी) और 50 मिमी सघन बिटुमिनस मैकडैम (डीबीएम) + संशोधित बिटुमिन सहित 40 मिमी बीसी का सुझाव दिया गया था और किमी 113 + 000 (पाली) से शुरू होकर किमी 244 + 120 (पिंडवाड़ा) तक के खंड-2 के लिए निम्नानुसार खंड-वार प्रशोधन सुझाए गए थे : -

क्र.सं.	**खंड**	**प्रशोधन**
1	किमी **-132+300**	संशोधित बिटुमिन सहित **40** मिमी बीसी
2	किमी **-132+750** से किमी **-138+000** तक	संशोधित बिटुमिन सहित **40** मिमी बीसी

3	किमी **-140+575** से किमी **-154+800** तक	**50** मिमी डीबीएम **+** संशोधित बिटुमिन सहित **40** मिमी बीसी
4	किमी **-154+800** से किमी **-162+550** तक	**50** मिमी डीबीएम **+** संशोधित बिटुमिन सहित **40** मिमी बीसी
5	किमी **-164+300** से किमी **-218+000** तक	**50** मिमी डीबीएम **+** संशोधित बिटुमिन सहित **40** मिमी बीसी
6	किमी **-219+200** से किमी **-220+200** (सिरोही बाइपास) तक	**75** मिमी डीबीएम **+** संशोधित बिटुमिन सहित **50** मिमी बीसी
7	किमी **-220+450** से किमी **-244+120** तक	**50** मिमी डीबीएम **+ 40** मिमी बीसी और **40** मिमी बीसी

(घ): रियायतग्राही ने अप्रैल, **2019** में अपनी लागत पर प्रमुख रखरखाव मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है और वर्तमान वास्तविक प्रगति **71%** है।

*****